# COMPETENCY FOCUSED PRACTICE QUESTIONS

Hindi | Grade 8

**2025**

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING, HARYANA
AND
EDUCATIONAL INITIATIVES

## Index


| | | |
|---|---|---|
| 1 | Director’s Message | 3 |
| 2 | Foreword | 4 |
| 3 | Questions Bank | 5 |
| 4 | Marking Scheme | 28 |

## Director's message



यहां दिसंबर 2024 में आयोजित आकलन निर्माण कार्यशालाओं के दौरान शिक्षकों और डाइट (DIET) संकाय सदस्यों द्वारा बनाए गए प्रश्न संकलित किए गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य पाठ्यक्रम और मूल्यांकन लक्ष्यों के अनुरूप कक्षा-उपयोगी, दक्षता-आधारित प्रश्न तैयार करना है।

मैं इस संसाधन को संभव बनाने वाले सभी प्रतिभागियों के योगदान की सराहना करता हूँ और आशा करता हूँ कि यह पूरे राज्य के शिक्षकों के लिए एक उपयोगी उपकरण साबित होगा।

**Sh. Samwartak Singh, HCS**
Director, SCERT Haryana

## Foreword

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आधारशिला इस क्षमता में निहित है कि हम उन पहलुओं का मूल्यांकन कर सकें जो वास्तव में महत्वपूर्ण हैं — जैसे कि विद्यार्थियों की वैचारिक समझ और वास्तविक जीवन के संदर्भों में ज्ञान के अनुप्रयोग की क्षमता। इसी उद्देश्य के अनुरूप, हरियाणा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT), *Educational Initiatives (Ei)* के सहयोग से, यह सुविचारित *आइटम बैंक* प्रस्तुत करते हुए गर्व की अनुभूति कर रही है, जिसका उद्देश्य अधिक सारगर्भित, निदानात्मक (diagnostic) एवं अधिगम-उन्मुख (learning-oriented) मूल्यांकन को प्रोत्साहित करना है।

यह *आइटम बैंक* कक्षा-स्तरीय मूल्यांकन की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसमें रटंत शैली से आगे बढ़ते हुए ऐसे प्रश्न शामिल किए गए हैं जो विद्यार्थियों की अवधारणात्मक गहराई को उजागर करते हैं। ये प्रश्न वैज्ञानिक शैक्षणिक प्रक्रियाओं के माध्यम से विकसित किए गए हैं, तथा राज्य के अधिगम प्रतिफलों (learning outcomes) और पाठ्यक्रम की प्रमुख अवधारणाओं के साथ पूर्णतः संरेखित (aligned) हैं।

यह संसाधन शिक्षकों, प्रश्नपत्र निर्माताओं एवं शैक्षणिक योजनाकारों के लिए एक व्यवहारिक उपकरण के रूप में उपयोगी सिद्ध होगा, जो उच्च गुणवत्ता वाले मूल्यांकन निर्माण को सक्षम बनाएगा। यह मूल्यांकन न केवल प्रतिबिंबन (reflection) और प्रतिपुष्टि (feedback) को बढ़ावा देगा, बल्कि अधिगम में निरंतर सुधार को भी संभव बनाएगा। इसके माध्यम से राज्य एक अधिक सशक्त, सुसंगत और अधिगम-समर्थ मूल्यांकन प्रणाली की दिशा में अग्रसर हो सकेगा — जो शिक्षण को निर्देशित करे, पुनःशिक्षण (remediation) में सहायता प्रदान करे और शैक्षिक प्रणाली में समग्र सुधार सुनिश्चित करे।

हम इस *आइटम बैंक* के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले विषय विशेषज्ञों, SCERT की समर्पित टीमों और Ei के मूल्यांकन विशेषज्ञों के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करते हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि यह *आइटम बैंक* हरियाणा की मूल्यांकन-आधारित अधिगम सुधार यात्रा में एक प्रभावी और स्थायी साधन सिद्ध होगा।

## Grade 8 Hindi Competency Mapping

| Competency Number | Competency Description | Competency linked Question |
|---|---|---|
| HIN 802 | विद्यार्थी साहित्य की गद्य-पद्य विधाओं जैसे कविता, कहानी, संस्मरण, यात्रा वृत्तान्त, एकांकी निबन्ध आदि को पढ़ कर उसके बारे में बता सकते हैं। | Q 53, Q54, Q55 |
| HIN 807 | विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढ़कर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। | Q25, Q26, Q27, Q28, Q30, Q31, Q32, Q33, Q34,Q35, Q36, Q46, Q47, Q48, Q49, Q50 |
| HIN 810 | विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर की विभिन्न प्रकार की पाठय सामग्री जैसे - समाचार पत्र, पत्रिका, कहानी, जानकारीपरक सामग्री को समझकर अपनी भाषा में लिख सकते हैं। | Q20, Q21, Q22, Q23, Q24 |
| HIN 811 | विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के कविता /दोहे को पढ़ कर /सुनकर उसका भावार्थ लिख सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। | Q1, Q2, Q3, Q4, Q5 |
| HIN 812 | विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के गद्यांश, अनुच्छेद, कहानी, निबन्ध, जीवनी, एकांकी का सार लिख सकते हैं और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।(तथ्यात्मक, निष्कर्षात्मक एवं कल्पनात्मक) | Q7, Q8, Q9, Q10, Q11, Q12, Q13, Q14, Q15, Q16, Q17, Q18, Q19 |
| HIN 814 | विद्यार्थी संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रिया विशेषण, लिंग, वचन, कारक, उपसर्ग, प्रत्यय संधि, समास के भेदों को समझकर उनका विभिन्न संदर्भों में प्रयोग कर सकते हैं। | Q 52 |
| HIN 815 | विद्यार्थी युग्म शब्द, देशज शब्द, समरूपी भिन्नार्थक, पर्यायवाची विलोम, वाक्यांश के लिए एक शब्द, विकारी और अविकारी शब्द, शब्द एवं वाक्य (भेद सहित) को समझकर संदर्भ में उनका प्रयोग कर सकते हैं। | Q29, Q37, Q39, Q40, Q42, Q43, Q44, Q45, Q51 |
| HIN 816 | विद्यार्थी मुहावरे, विराम चिन्ह, उपमा व अतिशयोक्ति अलंकार का अर्थ संदर्भ में समझकर उसका वाक्य/पाठ में प्रयोग कर सकते हैं। | Q38, Q41 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | नीचे दी गई कविता को पढ़कर और समझकर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें। | 1 |
| | | 1 |

कविता- **<u>नए साल में क्या-क्या बदलें?</u>**

बोलो-बोलो क्या-क्या बदलें,
हवा और क्या पानी बदलें?
स्वच्छ चाँदनी रातें बदलें,
या फिर धूप सुहानी बदलें?

**(1)**
हवा आज बीमार हो गई,
पानी दवा नहीं बन पाया।
तूफ़ानों ने हर मौसम को,
आँसू-आँसू खूब रुलाया।
शीतल मंद पवन के झोंके,
आँधी के पीछे **पछियाते***।
बदमाशों को बदल न पाए,
इंसानों की नादानी बदलें?

**(2)**
मेरे घर के लगे सामने,
आम कभी अब न **बौराते***।
कस्बों के भी बड़े घरों में,
गाय-भैंस अब नहीं रंभाते।
तथाकथित छोटे आँगन में,
कार-बाइक अब बाँधे जाते।
दुनिया को तो बदल न पाए,
क्या हम राम कहानी बदलें?

**(3)**
सच्चाई पर नहीं पड़ेंगे,
क्या झूठों के रोज़ तमाचे?
सड़क-गली में नहीं दिखेंगे,
क्या अब कभी भिखारी बच्चे?
गाँव शहर में नहीं बचेंगे,
डाकू गुंडे चोर उचक्के?
नहीं बदल सके पिछले सालों में तो,
क्यों न फिर इस साल ही बदलें?

**<u>शब्दार्थ:</u>**
***पछियाना:** *पीछा करना, पीछे-पीछे चलना, नक़ल करना*
***(आम का) बौराना:** *आम के फलों का खिलकर महकना*

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 1 | इनमें से कविता कीÂ किस पंक्ति में कवि संभवतः प्रदूषण की बात कर रहा है?<br>(A) हवा आज बीमार हो गई, पानी दवा नहीं बन पाया।<br>(B) शीतल मंद पवन के झोंके,Â आँधी के पीछे पछियाते।<br>(C) स्वच्छ चाँदनी रातें बदलें, या फिर धूप सुहानी बदलें?<br>(D) बोलो-बोलो क्या-क्या बदलें, हवा और क्या पानी बदलें?<br><br>**(HIN811: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के कविता / दोहे को पढ़ कर / सुनकर उसका भावार्थ लिख सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 2 | दूसरे पद के अनुसार, आजकल इनमें से क्या होता है?<br>(A) कस्बों में अब छोटे-छोटे घर नहीं दिखते हैं।<br>(B) कस्बों व शहरों में अब गायें कम ही दिखती हैं।<br>(C) बड़े शहरों के घरों में कारें-बाइकें बाँधी जाती हैं।<br>(D) शहरों से अब आम के पेड़ बिलकुल ग़ायब हो गए हैं।<br><br>**(HIN811: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के कविता / दोहे को पढ़ कर / सुनकर उसका भावार्थ लिख सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 3 | इनमें से किस पंक्ति से लगता है कि कवि को अच्छी स्थिति आने की आशा है?<br>(A) गाँव शहर में नहीं बचेंगे, डाकू गुंडे चोर उचक्के?<br>(B) बदमाशों को बदल न पाए, इंसानों की नादानी बदलें?<br>(C) दुनिया को तो बदल न पाए, क्या हम राम कहानी बदलें?<br>(D) नहीं बदल सके पिछले सालों में तो, क्यों न फिर इस साल ही बदलें?<br><br>**(HIN811: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के कविता / दोहे को पढ़ कर / सुनकर उसका भावार्थ लिख सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 4 | पूरी कविता को पढ़कर, कवि की मनोदशा के बारे में कहा जा सकता है कि वह -------------------- है।<br><br>सबसे उचित उत्तर चुनें।<br>(A) निराश और उत्साहित<br>(B) आशावान और हर्षित<br>(C) उत्साहित और हर्षित<br>(D) क्रोधित और निराश<br><br>**(HIN811: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के कविता / दोहे को पढ़ कर / सुनकर उसका भावार्थ लिख सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 5 | भाषा साहित्य में कई बार हम कुछ ऐसे प्रयोग देखते हैं, जिनमें किसी निर्जीव पदार्थ को मनुष्य रूप दिया जाता है, जैसे- 'श्रम ने गाए गीत, देह से बहने लगा पसीना।' यहाँ 'श्रम' का <u>मानवीकरण</u> (personification) दिखाया गया है।<br><br>दी गई कविता में भी कुछ पंक्तियों में <u>मानवीकरण का प्रयोग</u> हुआ है। नीचे दिए गए विकल्पों में से ऐसी एक पंक्ति चुनें।<br>(A) सड़क गली में नहीं दिखेंगे, क्या अब कभी भिखारी बच्चे?<br>(B) तथाकथित छोटे आँगन में, कार-बाइक अब बाँधे जाते।<br>(C) सच्चाई पर नहीं पड़ेंगे, क्या झूठों के रोज़ तमाचे?<br>(D) मेरे घर के लगे सामने, आम कभी अब न बौराते।<br><br>**(HIN811: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के कविता / दोहे को पढ़ कर / सुनकर उसका भावार्थ लिख सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | |
| 6 | सुनिधि की ----------------- खेलने से अधिक गाने में है।<br><br>खाली जगह के लिए <u>सही वर्तनी</u> वाला शब्द चुनें।<br>(A) दिलचस्पि<br>(B) दिलचस्पी<br>(C) दिलचसपि<br>(D) दिलचसपी<br><br>**(HIN815: दक्षता : विद्यार्थी युग्म शब्द, देशज शब्द, समरूपी भिन्नार्थक, पर्यायवाची विलोम, वाक्यांश के लिए एक शब्द, विकारी और अविकारी शब्द, शब्द एवं वाक्य (भेद सहित) को समझकर संदर्भ में उनका प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |

**<u>चोर ले गए कुएँ</u>**

स्वरूपनगर में चारों ओर शांति थी और उसकी प्रजा खुशहाल थी। वहाँ के राजा शांतिप्रिय और मिलनसार थे।

एक बार नगर में पीने के पानी की समस्या आई। पिछले साल बारिश नहीं हुई थी और इस साल भी आसमान में बादलों का नामोनिशान नहीं था। राजा इस गंभीर समस्या को सुलझाने के लिए अपने मंत्रियों से विचार-विमर्श करने लगे। प्रधानमंत्री ने सलाह दी कि क्यों न गाँव में जगह-जगह कुएँ खुदवाए जाएँ। इस काम में थोड़ा धन तो लगेगा, पर पानी की समस्या हल हो जाएगी।

राजा को यह सलाह अच्छी लगी। उन्होंने प्रधानमंत्री को ही यह कार्य सौंप दिया और **कोषपाल*** को आज्ञा दी कि मंत्री जी इस काम के लिए जितना धन माँगें, उतना उन्हें दे दें।

प्रधानमंत्री राजकोष से धन लेकर अपने काम में जुट गया। कुछ दिनों बाद, उसने दरबार में आकर समाचार दिया, “महाराज, पूरे राज्य में जगह-जगह कुएँ खुदवा दिए गए हैं। प्रजा को पानी के संकट से मुक्ति मिल गई है। आप भी चलकर एक बार देख लें।” दो-तीन दिन बाद, राजा ने, प्रधानमंत्री और कुछ अन्य दरबारियों के साथ राज्य में जाकर <u>निरीक्षण किया</u>। कुएँ देखकर राजा

बहुत खुश हुए।

फिर एक दिन, जब दरबार की कार्यवाही चल रही थी, तभी कई गाँवों के लोग राजा से मिलने आए। संयोगवश उन्हें वहाँ कोषपाल मिल गया, तो उन्होंने उसी को पीने के पानी की समस्या के बारे में बता दिया। कोषपाल को अचरज हुआ, क्योंकि उसने तो प्रधानमंत्री को पूरे राज्य में कुएँ बनवाने के लिए बहुत सारा धन दिया था। मंत्री ने अपनी ओर से उसे सारे गाँवों की सूची भी दी थी, जहाँ-जहाँ उसने कुएँ बनवाए थे। इस सूची में उन गाँवों के भी नाम थे, जहाँ के लोग कोषपाल के पास फ़रियाद लेकर आए थे। इन गाँवों के लोगों का कहना था कि उनके गाँवों में एक भी कुआँ नहीं बनवाया गया है। कोषपाल को कुछ संदेह हुआ।

अगले दिन राजा के दरबार में कोषपाल उठकर बोला, "महाराज, अनर्थ हो गया! राज्य में अनोखे चोर आ गए हैं, जो केवल कुओं की चोरी करते हैं।" राजा ने क्रोधित होकर कहा, "तुम्हारा दिमाग तो खराब नहीं हुआ! कुएँ भी भला चोरी हो सकते हैं! साफ़-साफ़ पूरी बात बताओ।"

कोषपाल ने उत्तर दिया, "क्षमा करें महाराज! मैं तो वही कह रहा हूँ, जो विभिन्न गाँवों के फ़रियादी कह रहे हैं। आप उन्हीं से पूछ लें।" राजा के आदेश पर उन्हें बुलवाया गया और उन्होंने बताया, "प्रधानमंत्री जी ने जो कुएँ बनवाए थे, वे चोरी हो गए। कोषपाल की सूची में वे कुएँ दर्ज़ हैं।"

राजा का माथा ठनका। वे प्रधानमंत्री, कोषपाल और उन गाँववासियों के साथ, उनके गाँव के लिए चल पड़े। उन्होंने पाया कि राजधानी के आसपास तो कुएँ थे, पर आगे चलने पर कोई कुआँ नहीं था। राजा सब कुछ समझ चुके थे। प्रधानमंत्री अब घबराने लगा। राजा ने उसे फटकार लगाई, "तो आप हैं असली कुआँ चोर! सूची के अनुसार आपने इन सभी गाँवों में कुएँ खुदवाने के लिए धन लिया है, पर कुएँ आपने बनवाए ही नहीं और सारा धन खा गए। पंद्रह दिनों के भीतर पूरे धन का सदुपयोग करें और मुझे उसका हिसाब दें, वरना कारागार की हवा खानी पड़ेगी।"

गाँववालों ने राजा की जय-जयकार की और कोषपाल की भी खूब प्रशंसा की।

**शब्दार्थ**:
***कोषपाल:** शाही खज़ाने का हिसाब रखने वाला

7 स्वरूपनगर की शांति और खुशहाली किस कारण चली गई थी?
(A) नगर में धन की कमी हो जाने के कारण
(B) नगर में कुओं की चोरी हो जाने के कारण
(C) नगर में पीने के पानी की कमी होने के कारण
(D) नगर में चोरियाँ बहुत अधिक बढ़ जाने के कारण

**(HIN812: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के गद्यांश, अनुच्छेद, कहानी, निबन्ध, जीवनी, एकांकी का सार लिख सकते हैं और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। (तथ्यात्मक, निष्कर्षात्मक एवं कल्पनात्मक)**

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 8 | '...राज्य में जाकर <u>निरीक्षण किया</u>।'<br><br>ऊपर रेखांकित शब्दों के स्थान पर इनमें से क्या रखा जा सकता है, जिससे इस वाक्य का <u>अर्थ न बदले</u>?<br>(A) देखा<br>(B) बताया<br>(C) प्रार्थना सुनी<br>(D) देखभाल की<br><br>**(HIN812: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के गद्यांश, अनुच्छेद, कहानी, निबन्ध, जीवनी, एकांकी का सार लिख सकते हैं और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। (तथ्यात्मक, निष्कर्षात्मक एवं कल्पनात्मक)** | |
| 9 | फ़रियाद लेकर आए गाँववालों की क्या शिकायत थी?<br>(A) उनके गाँवों में बहुत कम कुएँ बने थे।<br>(B) उनके गाँवों में एक भी कुआँ नहीं बना था।<br>(C) उनके गाँवों में रोज़ बहुत चोरियाँ हो रही थीं।<br>(D) उनके गाँवों के नाम प्रधानमंत्री की सूची में नहीं थे।<br><br>**(HIN812: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के गद्यांश, अनुच्छेद, कहानी, निबन्ध, जीवनी, एकांकी का सार लिख सकते हैं और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। (तथ्यात्मक, निष्कर्षात्मक एवं कल्पनात्मक)** | 1 |
| 10 | प्रधानमंत्री ने किस चीज़ की सूची दी थी?<br>(A) कितने और गाँवों में कुएँ खुदवाए जाने थे, इसकी<br>(B) किन-किन गाँवों में कुएँ खुदवाए गए, इसकी<br>(C) प्रत्येक कुआँ खुदवाने में हुए खर्चे की<br>(D) स्वरूपनगर के कुल गाँवों की<br><br>**(HIN812: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के गद्यांश, अनुच्छेद, कहानी, निबन्ध, जीवनी, एकांकी का सार लिख सकते हैं और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। (तथ्यात्मक, निष्कर्षात्मक एवं कल्पनात्मक)** | 1 |
| 11 | कहानी के आधार पर कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री ------------------ था।<br>(A) उदार<br>(B) बेईमान<br>(C) चापलूस<br>(D) बुद्धिमान<br><br>**(HIN812: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के गद्यांश, अनुच्छेद, कहानी, निबन्ध, जीवनी, एकांकी का सार लिख सकते हैं और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। (तथ्यात्मक, निष्कर्षात्मक एवं कल्पनात्मक)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 12 | ‘कोषपाल को कुछ संदेह हुआ।’<br><br>ऊपर रेखांकित भाग को यदि किसी मुहावरे का प्रयोग कर लिखना हो, तो इनमें से कौन-सा वाक्य सही होगा?<br>(A) कोषपाल उँगली उठाने लगा।<br>(B) कोषपाल को नानी याद आने लगी।<br>(C) कोषपाल को दाल में कुछ काला लगा।<br>(D) कोषपाल को कानों कान खबर नहीं हुई।<br><br>**(HIN812: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के गद्यांश, अनुच्छेद, कहानी, निबन्ध, जीवनी, एकांकी का सार लिख सकते हैं और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। (तथ्यात्मक, निष्कर्षात्मक एवं कल्पनात्मक)** | 1 |
| 13 | कहानी के अंत में, गाँववालों ने प्रधानमंत्री से इनमें से क्या कहा होगा? उचित कहावत वाला वाक्य चुनें।<br>(A) ''मंत्री जी के तो आगे कुआँ और पीछे खाई की स्थिति हो गई।''<br>(B) ''अब समझे मंत्री जी... अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता!''<br>(C) ''क्यों मंत्री जी, एक तो चोरी, ऊपर से सीना ज़ोरी!''<br>(D) ''अब समझे मंत्री जी...जैसी करनी, वैसी भरनी!''<br><br>**(HIN812: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के गद्यांश, अनुच्छेद, कहानी, निबन्ध, जीवनी, एकांकी का सार लिख सकते हैं और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। (तथ्यात्मक, निष्कर्षात्मक एवं कल्पनात्मक)** | 1 |

नीचे दी गई जानकारी को पढ़कर और समझकर प्रश्नों के उत्तर दें।

**धोलाविरा की सैर**

मोहन अपने स्कूल के दोस्तों के साथ धोलाविरा की सैर करने जा रहा था। उनकी इतिहास अध्यापिका पूरी यात्रा के दौरान उन्हें सभ्यता के विषय में समझा रही थीं। मोहन ध्यान लगाकर उनकी बातें सुन रहा था।

आखिर वे धोलाविरा पहुँच गए। पाँच हज़ार वर्ष पहले, धोलाविरा, सिन्धु घाटी सभ्यता (Indus Valley Civilization) के पाँच प्रमुख नगरों में से एक माना जाता था। यह गुजरात राज्य के 'ग्रेट कच्छ रन' (Great Rann of Kutch) में बसा हुआ एक पुरातात्त्विक स्थल (archaeological site) है। वहाँ के अवशेष (ruins) किलाबन्द महल के खंडहर जैसे दिख रहे थे। एक टीले पर खड़े होकर मोहन ने धोलाविरा के अवशेषों पर नज़र डाली। 'ऐसी सूखी भूमि पर कोई क्यों बसना चाहेगा?' उसे संदेह हुआ। कुछ दूरी पर वह रन की चमकती मरुभूमि (desert) देख सकता था। निश्चय ही कहीं भूल थी! मोहन जानता था कि यहाँ कोई नदी नहीं थी और यहाँ वर्षा भी नाम मात्र के लिए होती थी। वह अपना संदेह दूर करने के लिए अध्यापिका से सवाल पूछने गया। ''परन्तु, मैडम, सिन्धु घाटी के लोग यहाँ क्यों बसे? ऐसी सूखी जगह पर जहाँ पानी न हो?''

अध्यापिका मुस्कुराईं, ''यह बड़ा अच्छा सवाल है, मोहन! सबसे पहले तो यह समझो कि 5,000 वर्ष पूर्व धोलाविरा पहुँचना कठिन नहीं था, क्योंकि उस समय ग्रेट रन और लिट्ल रन, अरब सागर

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | की दो भुजाओं के समान थे, जिन पर छोटी नावें चल सकती थीं। आज भी यह रन, जो सामान्य जलस्तर से थोड़ा ही ऊपर है, वर्षा ऋतु में जल से भर जाता है। इसमें आने वाला पानी ज़्यादातर समुद्र का होता है, इसलिए सूख जाने पर यह क्षेत्र नमक की मरुभूमि बन जाता है।'' बातचीत करते-करते अध्यापिका उन्हें खंडहर से दूर ले गईं।<br><br>''दूसरी बात यह है कि यह इलाका 5,000 वर्ष पहले बहुत उपजाऊ था'', उन्होंने बात ज़ारी रखी। अचानक राहुल किसी पत्थर से ठोकर खाकर गिर पड़ा। अध्यापिका ने उसे सहारा देकर खड़ा किया। ''राहुल, यदि तुम 5,000 वर्ष पूर्व यहाँ पर गिर जाते, तो तुम्हें बचाने के लिए मुझे तैरना पड़ता'', उन्होंने कहा। बच्चों ने चकित होकर उनकी ओर देखा। "मैडम, आपको तैरना क्यों पड़ता?" बच्चों ने पूछा।<br><br>''यह मनसर नदी का सूखा तल (bed, base) है, जो कभी पूरे क्षेत्र के लिए ताज़े पानी का स्रोत था'', उनके चकित चेहरों को देख मुस्कुराती हुई अध्यापिका बोलीं। बच्चों ने आश्चर्य के साथ नज़रें चारों ओर घुमाईं। नदी? और अब पानी की एक बूँद भी नहीं! ''एक और नदी, मनहर, धोलाविरा से बहती हुई मनसर से मिलती थी। लोग उन पर पत्थर के बाँध बना कर पानी जमा करते थे, जिसे हड़प्पा नगर के अन्दर की टंकियों में पहुँचाया जाता था।"<br><br>बातों-बातों में कब शाम हो गई, किसी को पता ही नहीं लगा। सभी बच्चे वहाँ कुछ देर और रुककर धोलाविरा के बारे में अधिक जानकारी लेना चाहते थे, लेकिन अब देर होने लगी थी। अध्यापिका ने सबको बस में जाकर बैठने के लिए कहा। वापसी की यात्रा के दौरान भी बस में बच्चे केवल धोलाविरा की ही बातें कर रहे थे। | |
| 14 | सिन्धु घाटी सभ्यता में, धोलाविरा <u>**मुख्य रूप से**</u> किसलिए बनवाया गया होगा?<br>(A) लोगों के रहने, ठहरने के लिए<br>(B) बच्चों के खेलने-कूदने के लिए<br>(C) बच्चों के पढ़ने-लिखने के लिए<br>(D) लोगों के आपस में मिलने-जुलने के लिए<br><br>**(HIN812: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के गद्यांश, अनुच्छेद, कहानी, निबन्ध, जीवनी, एकांकी का सार लिख सकते हैं और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। (तथ्यात्मक, निष्कर्षात्मक एवं कल्पनात्मक)** | 1 |
| 15 | धोलाविरा में बचे हुए भागों को देखकर मोहन को लगा, जैसे- ---------------------------------------।<br>(A) वे किसी बहुत ऊँचे किले की टूटी हुई दीवारें हों<br>(B) वे किसी किले के महल के टूटे-फूटे हिस्से हों<br>(C) वहाँ का महल एक सपाट मैदान बन गया हो<br>(D) वहाँ के महल में किसी ने आग लगा दी हो<br><br>**(HIN812: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के गद्यांश, अनुच्छेद, कहानी, निबन्ध, जीवनी, एकांकी का सार लिख सकते हैं और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। (तथ्यात्मक, निष्कर्षात्मक एवं कल्पनात्मक)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 16 | मोहन को किस बात पर संदेह हुआ था?<br>(A) कि उस मरुभूमि में लोग खेती कैसे करते थे?<br>(B) कि उस जगह की रेत इतनी उपजाऊ कैसे थी?<br>(C) कि उस जगह की रेत इतनी चमकीली कैसे थी?<br>(D) कि बिना पानी वाली उस जगह पर लोग कैसे रहते थे?<br><br>**(HIN812: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के गद्यांश, अनुच्छेद, कहानी, निबन्ध, जीवनी, एकांकी का सार लिख सकते हैं और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। (तथ्यात्मक, निष्कर्षात्मक एवं कल्पनात्मक)** | 1 |
| 17 | आज, धोलाविरा क्षेत्र में नमक की मरुभूमि पाए जाने का **मुख्य कारण** क्या है?<br>(A) वहाँ समुद्र के पानी का सूख जाना<br>(B) वहाँ बारिश के पानी का सूख जाना<br>(C) वहाँ ज़मीन के नीचे से नमकीन पानी का मिलना<br>(D) वहाँ की रेत का वर्षा होने पर नमक में बदल जाना<br><br>**(HIN812: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के गद्यांश, अनुच्छेद, कहानी, निबन्ध, जीवनी, एकांकी का सार लिख सकते हैं और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। (तथ्यात्मक, निष्कर्षात्मक एवं कल्पनात्मक)** | 1 |
| 18 | पाँच हज़ार साल पहले, हड़प्पा के लोग पीने के लिए किस पानी का इस्तेमाल करते थे?<br>(A) केवल मनहर नदी के<br>(B) केवल मनसर नदी के<br>(C) केवल अरब सागर के<br>(D) मनसर और मनहर, दोनों के<br><br>**(HIN812: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के गद्यांश, अनुच्छेद, कहानी, निबन्ध, जीवनी, एकांकी का सार लिख सकते हैं और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। (तथ्यात्मक, निष्कर्षात्मक एवं कल्पनात्मक)** | 1 |
| 19 | दी गई जानकारी से हमें पता लगता है कि -----------------------------------------------।<br>(A) धोलाविरा, सिन्धु घाटी सभ्यता का सबसे प्रमुख नगर हुआ करता था<br>(B) पहले आसपास बहुत पानी होने के कारण लोग वहाँ नहीं आ पाते थे<br>(C) रन की चमकीली मरुभूमि, दरअसल नमक के ऊँचे टीले थे<br>(D) मनसर नदी, मुख्य किले से थोड़ी ही दूरी पर बहती थी<br><br>**(HIN812: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के गद्यांश, अनुच्छेद, कहानी, निबन्ध, जीवनी, एकांकी का सार लिख सकते हैं और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं। (तथ्यात्मक, निष्कर्षात्मक एवं कल्पनात्मक)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

नीचे दिए पोस्टर को ध्यान से पढ़कर और समझकर प्रश्नों के उत्तर दें।

**<u>सूचना का अधिकार (RTI)</u>**




स्रोत: 'सूचना का अधिकार' – http://www.ashanet.org/projects-new/documents/961/MCF8RTI8poster8Hindi.jpg

20 किसी राजकीय कार्यालय से कोई सूचना कैसे प्राप्त की जा सकती है?

(A) गाँव या अपने क्षेत्र के किसी भी अधिकारी से सीधा पूछकर 1

(B) गाँव के प्रधान या सूचना अधिकारी को पत्र लिखकर

(C) कार्यालय में सूचना के साथ आवेदन पत्र जमा कर

(D) कार्यालय में आवेदन पत्र व शुल्क जमा कर

**(HIN810: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर की विभिन्न प्रकार की पाठ्य सामग्री जैसे समाचार पत्र, पत्रिका, कहानी, जानकारीपरक सामग्री को समझकर अपनी भाषा में लिख सकते हैं। )**

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 21 | राज्य-संबंधित सभी कार्यालयों के लिए ज़रूरी है कि वे ---------------------------------------------।<br>(A) लोगों को सूचना प्रदान करने से पहले गाँव का दौरा करें<br>(B) सूचना देने के बाद आवेदक से 10 रुपए का शुल्क लें<br>(C) अपने सूचना अधिकारी का नाम बाहर लिखकर रखें<br>(D) अपने सभी कार्यकर्ताओं के नाम बाहर लिखकर रखें<br><br>**(HIN810: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर की विभिन्न प्रकार की पाठ्य सामग्री जैसे समाचार पत्र, पत्रिका, कहानी, जानकारीपरक सामग्री को समझकर अपनी भाषा में लिख सकते हैं। )** | 1 |
| 22 | सूचना अधिकारी के लिए इनमें से कौन-सा काम एक महीने के अंदर करना ज़रूरी है?<br>(A) माँगी गई सूचना लोगों को देना<br>(B) गाँव की समस्याओं का हल ढूँढ़ना<br>(C) सूचना के लिए आवेदन-पत्र और शुल्क लेना<br>(D) जन प्रतिनिधि को गाँव के लोगों से मिलवाना<br><br>**(HIN810: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर की विभिन्न प्रकार की पाठ्य सामग्री जैसे समाचार पत्र, पत्रिका, कहानी, जानकारीपरक सामग्री को समझकर अपनी भाषा में लिख सकते हैं। )** | 1 |
| 23 | यह पोस्टर **मुख्य रूप से** किस बारे में बता रहा है?<br>(A) जब गाँव के प्रधान के पास ज़्यादा काम आ जाता है, तो वह सूचना अधिकारी से मदद माँगता है।<br>(B) जिस गाँव में अधिक समस्याएँ होती हैं, वहीं के कार्यालय में सूचना का अधिकार दिया जाता है।<br>(C) सूचना के अधिकार का प्रयोग करने से बहुत सारी परेशानियों का समाधान निकल सकता है।<br>(D) कोई भी सूचना प्राप्त करने के लिए बच्चों की भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण होती है।<br><br>**(HIN810: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर की विभिन्न प्रकार की पाठ्य सामग्री जैसे समाचार पत्र, पत्रिका, कहानी, जानकारीपरक सामग्री को समझकर अपनी भाषा में लिख सकते हैं। )** | 1 |
| 24 | ज़ाकिर के मोहल्ले में आए दिन बिजली जाती रहती है। वह इस समस्या को सुलझाना चाहता है और बार-बार बिजली जाने का कारण जानना चाहता है।<br><br>नीचे वाक्यों में उसके द्वारा सूचना लेने और काम हो जाने तक की बातें बताई गई हैं:<br><br>(i) वह सूचना अधिकारी से मिला।<br>(ii) वह बिजली विभाग कार्यालय गया।<br>(iii) वह गाँव के जन-प्रतिनिधि के पास गया।<br>(iv) उसने आवेदन पत्र में अपना प्रश्न लिखकर, 10 रुपए के साथ जमा कराया।<br><br>पोस्टर के आधार पर बताइए कि ज़ाकिर ने ऊपर बताए गए काम इनमें से **किस क्रम में** किए होंगे? | 1 |

(A) (i), (ii), (iv), (iii)
(B) (ii), (i), (iv), (iii)
(C) (iii), (iv), (i), (ii)
(D) (iii), (i), (iv), (ii)

**(HIN810: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर की विभिन्न प्रकार की पाठ्य सामग्री जैसे समाचार पत्र, पत्रिका, कहानी, जानकारीपरक सामग्री को समझकर अपनी भाषा में लिख सकते हैं। )**

**संजू जैन की चित्रकला**

मध्यप्रदेश के होशंगाबाद ज़िले के एक गाँव आरी में चित्रकार संजू जैन का जन्म हुआ। संजू की बचपन से ही प्राकृतिक चीज़ों का इस्तेमाल कर चित्रकारी करने में रुचि थी। बचपन से ही उन्हें **अल्पना माँडने***, **कोठार बनाने***, पड़ोसी कुम्हार के घर जाकर मिट्टी को आकृतियों में ढालने आदि का शौक रहा है।

संजू के लिए चित्र बनाना एक ऐसी कला है, जो आपको दूसरे की ख़ुशी में ख़ुश हो जाने का योग्यता देती है। आरी में बीते बचपन की यादों से ही संजू ने अपनी एक ख़ास तकनीक विकसित की। मुल्तानी मिट्टी, कागज़ की **लुगदी***, बबूल की गोंद (glue) और चॉक पाउडर मिलाकर, वे एक गाढ़ा-सा घोल बनाती हैं। फिर इसे उबालकर छान लेती हैं। इस तरह से बने आटे को कपड़े पर पतला-पतला लेपकर कैनवास तैयार करती हैं। इस कैनवास को देखकर ही पता लगता है कि यह सतह कोई साधारण चीज़ नहीं है। इसमें कई **सलवटें*** और उभार दिखते हैं। इस रंग-विहीन सतह पर इतने तरह से आकार और आकृतियाँ दिखती हैं, मानो कोई नगर बसने जा रहा हो।

मज़ेदार बात यह है कि कोई समझने वाली आकृति आपको दिखाई नहीं देती, लेकिन फिर भी उसे देखकर आपके मन में कई आकृतियाँ उभर आती हैं। पिछले एक बरस से हमेशा नए-नए प्रयोग करती हुई, इस चित्रकार ने प्राकृतिक रंगों से गज़ब के खेल किए हैं। पूना के हाथ से बने कागज़ पर, अनार के छिलके से बने कई रंगों से, संजू ने सैकड़ों चित्र बनाए हैं। वे कहती हैं कि प्राकृतिक रंगों ने उनकी चित्रकला को पूरी तरह से एक नया आयाम दिया है। उनके रंग बनाने के कुछ तरीके इस प्रकार हैं-
- अनार के छिलके के साथ मीठा सोडा उबालने से भूरा,
- लोहे की कड़ाही में उबालने से काला रंग मिलता है,
- फिटकरी के साथ उबालने से नींबुई रंग,
- साधारण कड़ाही में कुछ समय उबालने से एक अनूठा पीला,
- सेम के पत्तों से हरा

इन रंगों को कहीं बीच-बीच में लगाने से चित्र में एकदम जान आ जाती है। जैसे, कभी नेत्रों का चित्रण आखिर में करने से चित्र में प्राण का संचार हो जाता है।
इस तरह संजू बिलकुल एक चंचल बालक की तरह खुद को बरतती हैं, जिसके चित्र में गहरी सोच टिमटिमाती रहती है।

**शब्दार्थ:**
***अल्पना माँडना:** रंगोली आदि में प्रयोग होने वाली एक ख़ास तरह के गोलाकार डिज़ाइन को 'अल्पना' कहते हैं। इसे बनाने की क्रिया 'अल्पना माँडना' कहलाती है।
***कोठार बनाना:** घर के किसी कमरे को चित्रकारी द्वारा सजाने की क्रिया

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| | ***लुगदी:** कोई चीज़ जिसे मुट्ठी में दबाकर गेंद जैसी गोलाकार बना दी गई हो<br>***सलवट (/सिलवट):** शिकन, सिकुड़न, fold, crease | |
| 25 | संजू जैन की चित्रकारी में **<u>सबसे ख़ास बात</u>** क्या है?<br>(A) उनकी अल्पना माँडने की कला<br>(B) केवल प्राकृतिक चीज़ों का प्रयोग<br>(C) अलग-अलग प्रकार के रंगों का प्रयोग<br>(D) कागज़ की लुगदी का रंग बनाने में प्रयोग<br><br>**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 26 | संजू जैन की चित्रकारी के बारे में इनमें से कौन-सी बात **<u>सही</u>** है?<br>(A) वे किसी चेहरे के चित्रण में पहले आँखें बनाती हैं।<br>(B) वे अपने चित्रों में अनार के छिलकों से ही रंग भरती हैं।<br>(C) वे कैनवास के उभार की मदद से नगरों का चित्रण करती हैं।<br>(D) वे कैनवास में ऐसे रंग भरती हैं कि उसकी सलवटें एक चित्र का रूप ले लेती हैं।<br><br>**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 27 | नीचे यह दिखाया गया है कि संजू जैन किसी एक वस्तु का प्रयोग कोई ख़ास रंग तैयार करने के लिए करती हैं। लेकिन इनमें से कोई एक ही विकल्प **<u>सही</u>** है, उसे चुनें।<br><br>(A) मीठा सोडा – भूरा रंग<br>(B) चॉक पाउडर – सफ़ेद रंग<br>(C) फिटकरी – अनूठा पीला रंग<br>(D) साधारण कड़ाही – काला रंग<br><br>**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 28 | गद्यांश में रेखांकित '**<u>योग्यता</u>**' शब्द के स्थान पर आने वाले अन्य शब्द की **<u>सही वर्तनी</u>** चुनें।<br>(A) सार्मथ्य<br>(B) सार्मथय<br>(C) सामर्थ्य<br>(D) सामथर्य<br><br>**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |

**Serial No.** | **Question** | **Marks**

29 अतुल और हिमानी ने दो-दो वाक्य कहे- 1

**अतुल:** (क) मेरे इस गृह में आपका स्वागत है।
(ख) बृहस्पति सबसे बड़ा ग्रह है।

**हिमानी:** (क) मैं अपना समान यहीं छोड़कर जा रही हूँ। ज़रा ध्यान रखना।
(ख) हमें लड़का और लड़की को एक सामान समझना चाहिए।

इन दोनों में से किसने अपने वाक्यों में रेखांकित शब्दों का **सही प्रयोग** किया है?
(A) केवल अतुल ने सही प्रयोग किया है।
(B) केवल हिमानी ने सही प्रयोग किया है।
(C) दोनों ने सही प्रयोग किया है।
(D) किसी ने भी सही प्रयोग नहीं किया।

**(HIN815: दक्षता : विद्यार्थी युग्म शब्द, देशज शब्द, समरूपी भिन्नार्थक, पर्यायवाची विलोम, वाक्यांश के लिए एक शब्द, विकारी और अविकारी शब्द, शब्द एवं वाक्य (भेद सहित) को समझकर संदर्भ में उनका प्रयोग कर सकते हैं।)**

नीचे दिए गद्यांश को प्रश्न संख्या 30 से 36 तक के उत्तर देकर पूरा करें।

व्याकरण - और आ गई कलाई घड़ी

**और आ गई कलाई घड़ी**

आजकल कई लोग कलाई घड़ी पहनते हैं। दोस्तो, क्या आपको पता है कि कलाई घड़ी दुनिया में कैसे आई? सन् 1900 तक लोग घड़ी को अपनी कोट या पैंट की जेब में या चेन ***(30)*** ------ एक छोर से बाँध लेते थे। इस तरह की घड़ियाँ 'फ़ोब' (fob) कहलाती थीं।

कलाई घड़ी की कहानी बड़ी रोचक है। एक बार स्विस घड़ी के निर्माता ***(31)*** ---------- एक महिला को पार्क में बैठे देखा, जिसने फ़ोब घड़ी को अपनी कलाई पर बाँध ली थी, ***(32)*** ------ वह अपने बच्चे को दोनों हाथों से पकड़ सके। यह देखकर उस निर्माता ने सन् 1790 में कलाई घड़ी बनाई, लेकिन ***(33)*** ---------- इस महान खोज की तरफ़ ध्यान नहीं दिया और करीब एक शताब्दी तक इस खोज को अपनाया नहीं गया। सन् 1914 में स्विटज़रलैंड में लगी एक ***(34)*** ---------- में कलाई घड़ी को पेश किया गया और लोगों ने इसे केवल एक फैंसी आइटम के रूप में देखा था। आज यही फैंसी आइटम, दुनिया में ज्वेलरी की श्रेणी में पहले स्थान पर है। यहाँ तक ***(35)*** ----- एक साधारण व्यक्ति भी कलाई घड़ी ले सकता है। दुनिया में हर साल करीब 10 लाख घड़ियाँ ***(36)*** ------------।

30 रिक्त स्थान (30) के लिए उचित विकल्प चुनें। 1
(A) के
(B) की
(C) का
(D) को

**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 31 | रिक्त स्थान (31) के लिए उचित विकल्प चुनें।<br>(A) में<br>(B) से<br>(C) ने<br>(D) को<br><br>**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 32 | रिक्त स्थान (32) के लिए उचित विकल्प चुनें।<br>(A) चूँकि<br>(B) ताकि<br>(C) परन्तु<br>(D) अर्थात्<br><br>**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 33 | रिक्त स्थान (33) के लिए उचित विकल्प चुनें।<br>(A) कोई भी<br>(B) कौन भी<br>(C) किस ने भी<br>(D) किसी ने भी<br><br>**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 34 | रिक्त स्थान (34) के लिए **<u>सही वर्तनी वाला</u>** विकल्प चुनें।<br>(A) प्रदर्शिनी<br>(B) प्रदर्शीनी<br>(C) प्रदर्श्नी<br>(D) प्रदर्शनी<br><br>**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 35 | रिक्त स्थान (35) के लिए उचित विकल्प चुनें।<br>(A) को<br>(B) की<br>(C) कि<br>(D) के<br><br>**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 36 | रिक्त स्थान (36) के लिए उचित विकल्प चुनें।<br>(A) बनाई जाती हैं<br>(B) बनाई जाती थीं<br>(C) बनाई जा रही थीं<br>(D) बनाई जाने वाली हैं<br><br>**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)** | 1 |
| 37 | निशांत एक पाठ में आए कुछ शब्दों के अर्थ शब्दकोश में ढूँढ़ना चाहता है। वे शब्द हैं-<br>**प्रतिशोध, पेंग, पंथी, पुलकित, परिवेश**<br><br>उसे ये शब्द **शब्दकोश** में किस क्रम में मिलेंगे? सही क्रम चुनें।<br>(A) परिवेश, पुलकित, पेंग, पंथी, प्रतिशोध<br>(B) पंथी, परिवेश, पुलकित, पेंग, प्रतिशोध<br>(C) परिवेश, पुलकित, पंथी, पेंग, प्रतिशोध<br>(D) पंथी, पेंग, परिवेश, पुलकित, प्रतिशोध<br><br>**(HIN815: दक्षता : विद्यार्थी युग्म शब्द, देशज शब्द, समरूपी भिन्नार्थक, पर्यायवाची विलोम, वाक्यांश के लिए एक शब्द, विकारी और अविकारी शब्द, शब्द एवं वाक्य (भेद सहित) को समझकर संदर्भ में उनका प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |
| 38 | इनमें से किन दो मुहावरों के **अर्थ समान** हैं?<br>(A) नाक रगड़ना -सिर चढ़ाना<br>(B) हाथ धोना - हाथ साफ़ करना<br>(C) हवा होना - नौ दो ग्यारह होना<br>(D) कमर कसना - एड़ी चोटी का ज़ोर लगाना<br><br>**(HIN816: दक्षता : विद्यार्थी मुहावरे, विराम चिह्न, उपमा व अतिशयोक्ति अलंकार का अर्थ संदर्भ में समझकर उसका वाक्य/पाठ में प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |
| | एक कक्षा किसी नाटक की तैयारी कर रही थी। नाटक के कुछ पात्र एक दृश्य के अभ्यास के लिए जमा हुए। नीचे दिए प्रश्न संख्या 39 और 40 को ध्यान से पढ़कर उनके उत्तर दें। | |
| 39 | **राजा, मंत्री, सिपाही, हलवाई, नारायणदास**<br><br>यदि इन पात्रों के नाम **वर्णमाला-क्रम** में रखे जाएँ, तो सही क्रम क्या होगा?<br>(A) नारायणदास, मंत्री, राजा, सिपाही, हलवाई<br>(B) नारायणदास, मंत्री, सिपाही, हलवाई, राजा<br>(C) मंत्री, नारायणदास, हलवाई, राजा, सिपाही<br>(D) मंत्री, नारायणदास, राजा, हलवाई, सिपाही<br><br>**(HIN815: दक्षता : विद्यार्थी युग्म शब्द, देशज शब्द, समरूपी भिन्नार्थक, पर्यायवाची विलोम, वाक्यांश के लिए एक शब्द, विकारी और अविकारी शब्द, शब्द एवं वाक्य (भेद सहित) को समझकर संदर्भ में उनका प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 40 | अगले दृश्य में, कुछ पुराने पात्रों की जगह नए पात्र आए। इस दृश्य के पात्र थे-<br>**मंत्री, कल्लू, कारीगर, महंत, कसाई**<br><br>इन नामों का सही <u>**वर्णमाला-क्रम**</u> क्या होगा?<br>(A) कसाई, कारीगर, कल्लू, महंत, मंत्री<br>(B) कसाई, कल्लू, कारीगर, मंत्री, महंत<br>(C) कल्लू, कारीगर, कसाई, मंत्री, महंत<br>(D) कल्लू, कसाई, कारीगर, महंत, मंत्री<br><br>**(HIN815: दक्षता : विद्यार्थी युग्म शब्द, देशज शब्द, समरूपी भिन्नार्थक, पर्यायवाची विलोम, वाक्यांश के लिए एक शब्द, विकारी और अविकारी शब्द, शब्द एवं वाक्य (भेद सहित) को समझकर संदर्भ में उनका प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |
| 41 | इनमें से किस वाक्य में रेखांकित मुहावरे का <u>**गलत प्रयोग**</u> हुआ है?<br>(A) पूरे घर में अब खुद को अकेला पाकर नवनीत <u>अनमना-सा रहने</u> लगा।<br>(B) सोहन इतना गुस्सैल है कि छोटी-छोटी बातों पर <u>आकाश से बातें करने</u> लगता है।<br>(C) अपने बेटे की गिरफ़्तारी देख पिता ऐसे स्तब्ध हुए, जैसे <u>काटो तो बदन में खून नहीं</u>।<br>(D) ''उसमें ऐसे कौन-से <u>सुरखाब के पर</u> लगे हैं, जो तुम हमेशा उसी की बात मानते हो'', नकुल ने गुस्से में कहा।<br><br>**(HIN816: दक्षता : विद्यार्थी मुहावरे, विराम चिह्न, उपमा व अतिश्योक्ति अलंकार का अर्थ संदर्भ में समझकर उसका वाक्य/पाठ में प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |
| 42 | इनमें से कौन-सा वाक्य <u>**सही**</u> है?<br>(A) मोहन बारहवीं पास कर कर कॉलेज में पढ़ने चला गया।<br>(B) वह चाहे कितना भी अच्छा गाए, लोग उनका गाना पसंद नहीं करते।<br>(C) मैं घूमने जाने के लिए इतनी उत्सुक थी कि स्टेशन पर एक घंटा पहले ही पहुँच गई।<br>(D) ट्यूशन तो एक घंटा पहले ख़त्म हो गया और तुम अब तक पढ़ने के लिए जा रहे हो?<br><br>**(HIN815: दक्षता : विद्यार्थी युग्म शब्द, देशज शब्द, समरूपी भिन्नार्थक, पर्यायवाची विलोम, वाक्यांश के लिए एक शब्द, विकारी और अविकारी शब्द, शब्द एवं वाक्य (भेद सहित) को समझकर संदर्भ में उनका प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |
| 43 | गुरमीत ने कहा, ''यदि मुझे ग़रीबों की मदद करने का <u>मौका</u> मिले, तो मुझे बहुत ख़ुशी होगी।''<br><br>यहाँ रेखांकित शब्द <u>**के स्थान पर**</u> किस शब्द का प्रयोग सबसे उचित होगा, जिससे वाक्य का <u>**अर्थ न बदले**</u>?<br>(A) अधिकार<br>(B) अनुमान<br>(C) अवकाश<br>(D) अवसर<br><br>**(HIN815: दक्षता : विद्यार्थी युग्म शब्द, देशज शब्द, समरूपी भिन्नार्थक, पर्यायवाची विलोम, वाक्यांश के लिए एक शब्द, विकारी और अविकारी शब्द, शब्द एवं वाक्य (भेद सहित) को समझकर संदर्भ में उनका प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 44 | कई बार हमें कुछ ऐसे शब्द मिलते हैं, जिनके एक से अधिक अर्थ होते हैं, जैसे- आम = (i) एक फल का नाम (ii) सामान्य<br><br>इनमें से किस शब्द के **दो अर्थ नहीं** हैं?<br>(A) प्रकृति<br>(B) मूल्य<br>(C) पूर्व<br>(D) नव<br><br>**(HIN815: दक्षता : विद्यार्थी युग्म शब्द, देशज शब्द, समरूपी भिन्नार्थक, पर्यायवाची विलोम, वाक्यांश के लिए एक शब्द, विकारी और अविकारी शब्द, शब्द एवं वाक्य (भेद सहित) को समझकर संदर्भ में उनका प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |
| 45 | इनमें से किस विकल्प में **विलोम शब्दों का जोड़ा** दिया गया है?<br>(A) ग्लानि x हानि<br>(B) स्वतंत्र x गणतंत्र<br>(C) अनुराग x विराग<br>(D) उन्नति x सन्मति<br><br>**(HIN815: दक्षता : विद्यार्थी युग्म शब्द, देशज शब्द, समरूपी भिन्नार्थक, पर्यायवाची विलोम, वाक्यांश के लिए एक शब्द, विकारी और अविकारी शब्द, शब्द एवं वाक्य (भेद सहित) को समझकर संदर्भ में उनका प्रयोग कर सकते हैं।)** | 1 |

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

नीचे दी गई जानकारी को पढ़कर और समझकर प्रश्नों के उत्तर दें।

विश्लेषण- **<u>भारत में रेल</u>**



**<u>भारत में पहली रेल लाइन</u>**

भारत में पहली बार कोई ट्रेन चलने का रिकॉर्ड बना 22 दिसंबर 1851 को, जब हरिद्वार के पास के एक शहर रुड़की में निर्माण सामग्री को इधर से उधर करने के लिए करीब 10 किलोमीटर रेल लाइन बिछाई गई।

पर आम लोगों के लिए पहली आधिकारिक (official) रेल लाइन मुंबई के बोरी बंदर से ठाणे तक बनी। पहली बार 16 अप्रैल 1853 को 3 बजकर 35 मिनट पर यह ट्रेन रवाना हुई। इसमें कुल 14 डिब्बे थे और 400 विशेष मेहमान इस ऐतिहासिक यात्रा में शामिल हुए। इस यात्रा में कुल 3 इंजनों ने मिलकर 34 किलोमीटर के सफर को 1 घंटा 15 मिनट में पूरा किया।

**<u>छत्रपति शिवाजी टर्मिनल</u>**

1878 में मुंबई का विक्टोरिया टर्मिनस बनना शुरू हुआ और 1888 में यह बनकर तैयार हो गया। पहले इसी का नाम बोरी बंदर (Bori Bunder) था। क्वीन विक्टोरिया के नाम पर इस स्टेशन को विक्टोरिया नाम मिला। आज इसे लोग विश्व धरोहर (World Heritage) मानते हैं और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस के नाम से जानते हैं।

**<u>दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे</u>**

1880 में दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे का सफ़र शुरू हुआ। यह न्यू जलपाईगुड़ी से दार्जिलिंग तक चलती थी। यह भारत के पर्वतों पर रेल की पहली दस्तक थी। इसके बाद 1899 में मेट्टुपुलयम-उद्गमंडलम (ऊटी) 1903 में कालका-शिमला, 1907 में नेरल-माथेरन और 1929 में कांगड़ा वैली टॉय ट्रेन की शुरूआत हुई।

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

**<u>ट्रेन में बैठने की व्यवस्था</u>**

पहले के डिब्बों में बेंच लगे होते थे, जिस पर लोग बैठते थे। इन डिब्बों में छतें नहीं होती थी। बरसात, धूप सहन कर यात्री अपनी यात्रा पूरी करते थे। सन् 1844 में इंग्लैंड में रेल यात्रियों के लिए नियम बनाए गए और कुछ वर्षों बाद भारतीय रेल कंपनियों पर भी लागू हुए।

डिब्बों में प्रकाश व्यवस्था 1890 के दौर में शुरू हुई। सन् 1885 में पहली बार डिब्बों में सीटिंग क्लास तैयार की गई।

**<u>रेल डाक सेवा</u>**

1870 में पहली बार रेल मोबाइल डाक सेवा की शुरूआत हुई। 1907 में इसका विस्तार कर रेलवे मेल सर्विस की शुरूआत की गई।

**<u>ट्रेन की टिकट</u>**

पहले गत्ते पर छपे ट्रेन के टिकट हाथ से लिखकर दिए जाते थे। 1986 में कंप्यूटरीकृत टिकट देने की शुरूआत हुई। सन् 1995 में सारी टिकट व्यवस्था ऑनलाइन कर दी गई। अब तो घर बैठे कंप्यूटर पर, या अपने मोबाइल से भी आप टिकट ले सकते हैं।

46 भारत की सबसे पहली ट्रेन किस काम आई? 1

(A) केवल विशेष लोगों को एक से दूसरी जगह ले जाने के
(B) आम लोगों को एक से दूसरी जगह ले जाने के
(C) चिट्ठियाँ एक से दूसरी जगह ले जाने के
(D) सामान एक से दूसरी जगह ले जाने के

**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

47 मुंबई का विक्टोरिया टर्मिनस ------------------------------------- में बनना शुरू हुआ। 1

(A) सन् अठारह सौ अठहत्तर
(B) सन् अठारह सौ उनहत्तर
(C) सन् अठारह सौ सत्तासी
(D) सन् अठारह सौ अठासी

**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

48 इनमें से किस स्टेशन को विश्व धरोहर भी माना जाता है? 1

(A) ऊटी
(B) ठाणे
(C) रुड़की
(D) बोरी बंदर

**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

49 भारतीय पहाड़ों पर सबसे पहली ट्रेन चली ------------------------------------- । 1

(A) नेरल से माथेरन के बीच
(B) कालका से शिमला के बीच
(C) मेट्टुपुलयम से उद्गमंडलम के बीच
(D) न्यू जलपाईगुड़ी से दार्जिलिंग के बीच

**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

50 नीचे कुछ वर्ष एवं घटनाएँ आपस में मिलाई गई हैं। 1

| | | | |
|---|---|---|---|
| A | 1870 | (I) | रेलवे मेल सर्विस की शुरूआत |
| B | 1888 | (II) | कांगड़ा वैली टॉय ट्रेन की शुरूआत |
| C | 1907 | (III) | विक्टोरिया टर्मिनस बनकर तैयार हुआ |
| D | 1929 | (IV) | पहली बार रेल मोबाइल डाक सेवा की शुरूआत |

(A) A - (ii)
(B) B - (iii)
(C) C - (iv)
(D) D - (i)

**(HIN807: दक्षता : विद्यार्थी कक्षा ८ के स्तर के परिचित एवं अपरिचित गद्यांश को पढकर समझ सकते हैं और उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दे सकते हैं।)**

51 अनुस्वार से युक्त अपने चार दोस्तों के नाम लिखिए। 2

| Description | Marks |
|---|---|
| संतोष / संध्या / अंशुमन / कुंती जैसे कोई भी चार नाम लिखने पर पूर्ण अंक दें। प्रत्येक नाम के लिए 0.5 अंक दें। | |

Maximum Marks: 2

**(HIN815: दक्षता : विद्यार्थी युग्म शब्द, देशज शब्द, समरूपी भिन्नार्थक, पर्यायवाची विलोम, वाक्यांश के लिए एक शब्द, विकारी और अविकारी शब्द, शब्द एवं वाक्य (भेद सहित) को समझकर संदर्भ में उनका प्रयोग कर सकते हैं।)**

1

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|
| 52 | निम्नलिखित तालिका से व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ छाँटकर लिखिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| इमारत | ब्राज़ील | अस्पताल |
| उपवन | संदीपनी स्कूल | साइकिल |
| डॉ. मेनन | अलमारी | महाभारत |

| Description | Marks |
|---|---|
| ब्राज़ील, संदीपनी स्कूल, डॉ. मेनन, महाभारत<br>*प्रत्येक सही व्यक्तिवाचक संज्ञा लिखने पर 0.25 अंक दें।* | |

Maximum Marks: 1

**(HIN814: दक्षता : विद्यार्थी संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, क्रिया विशेषण, लिंग, वचन, कारक, उपसर्ग, प्रत्यय संधि, समास के भेदों को समझकर उनका विभिन्न संदर्भ में प्रयोग कर सकते हैं। हिंदी | )**

53 'लाख की चूड़ियाँ' पाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5

(क) बदलू काका और लेखक में कौन-सी बातें हुआ करती थीं?
(ख) लेखक ने ऐसा क्यों कहा कि 'बदलू ने हारकर भी हार नहीं मानी'?

| Description | Marks |
|---|---|
| (क)<br>(1) बदलू की पढ़ाई, परिवार और शहर के बारे में बातचीत<br>(2) शहर में काँच की चूड़ियों के प्रचलन के बारे में बातचीत<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें।* | |
| (ख)<br>(1) मशीन से बनी काँच की चूड़ियों का सुंदर होना, लोगों का बदलू की चूड़ियाँ न खरीदना, सुंदरता और बाज़ारूपन में मशीनों से हार जाना<br>(2) मुँह माँगे दाम न मिलने पर ज़मींदार की बेटी के विवाह में चूड़ियाँ देने से मना कर अपने कला का सम्मान करना<br>(3) अपने आत्मसम्मान की रक्षा करते हुए अपनी बेटी को चूड़ियाँ देना / अपना काम बंद कर देना लेकिन दाम कम न करना<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें।* | |

Maximum Marks: 5

| Serial No. | Question | Marks |
|---|---|---|

**(HIN802: दक्षता : विद्यार्थी साहित्य की गद्य-पद्य विधाओं जैसे कविता, कहानी, संस्मरण, यात्रा वृत्तान्त, एकांकी निबन्ध आदि को पढ़ कर उसके बारे में बता सकते हैं।)**

3

54 तक्षशिला और मालाबार के लोगों में सांप्रदायिक संबंधों में क्या अंतर है? 'हामिद खाँ' पाठ के आधार पर 30-40 शब्दों में उत्तर दीजिए।

| Description | Marks |
|---|---|
| (1) तक्षशिला के लोगों में सांप्रदायिकता के तत्व परस्पर शक, मार-काट, दंगे, आगजनी होना<br>(2) मालाबार में हिंदू-मुसलमानों में सांप्रदायिक सद्भाव, मिल-जुलकर रहना<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1.5 अंक दें।* | |

**(HIN802: दक्षता : विद्यार्थी साहित्य की गद्य-पद्य विधाओं जैसे कविता, कहानी, संस्मरण, यात्रा वृत्तान्त, एकांकी निबन्ध आदि को पढ़ कर उसके बारे में बता सकते हैं।)**

55 'साइकिल की सवारी' पाठ के आधार पर वक्ता की चार चारित्रिक विशेषताओं को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

5

| Description | Marks |
|---|---|
| (1) जिज्ञासु<br>(2) अभिलाषी<br>(3) हठी<br>(4) आत्मविश्वासी<br>*प्रत्येक सही बिंदु के लिए 1 अंक दें। अन्य सही विश्लेषण पर भी विचार करें।* | |
| भाषाई शुद्धता<br>(1) व्याकरण (व्याकरण सम्मत भाषा तथा विराम चिह्नों का उचित प्रयोग) [0.5]<br>(2) वर्तनी (शब्दों की शुद्ध वर्तनी का प्रयोग) [0.5]<br>*पूरे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर केवल 1-2 त्रुटियाँ हैं।*<br>*आधे अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 3-5 त्रुटियाँ हैं।*<br>*शून्य अंक दें यदि व्याकरण और वर्तनी को मिलाकर 5 से अधिक त्रुटियाँ हैं।* | |

**(HIN802: दक्षता : विद्यार्थी साहित्य की गद्य-पद्य विधाओं जैसे कविता, कहानी, संस्मरण, यात्रा वृत्तान्त, एकांकी निबन्ध आदि को पढ़ कर उसके बारे में बता सकते हैं।)**

## Marking Scheme

| Q No. | Rubric | Marks |
|---|---|---|
| 1 | Correct Answer: A | 1 |
| 2 | Correct Answer: B | 1 |
| 3 | Correct Answer: D | 1 |
| 4 | Correct Answer: D | 1 |
| 5 | Correct Answer: C | 1 |
| 6 | Correct Answer: B | 1 |
| 7 | Correct Answer: C | 1 |
| 8 | Correct Answer: A | 1 |
| 9 | Correct Answer: B | 1 |
| 10 | Correct Answer: B | 1 |
| 11 | Correct Answer: B | 1 |
| 12 | Correct Answer: C | 1 |
| 13 | Correct Answer: D | 1 |
| 14 | Correct Answer: A | 1 |
| 15 | Correct Answer: B | 1 |
| 16 | Correct Answer: D | 1 |
| 17 | Correct Answer: A | 1 |
| 18 | Correct Answer: D | 1 |
| 19 | Correct Answer: D | 1 |
| 20 | Correct Answer: D | 1 |
| 21 | Correct Answer: C | 1 |
| 22 | Correct Answer: A | 1 |
| 23 | Correct Answer: C | 1 |
| 24 | Correct Answer: B | 1 |
| 25 | Correct Answer: B | 1 |
| 26 | Correct Answer: D | 1 |
| 27 | Correct Answer: A | 1 |
| 28 | Correct Answer: C | 1 |

| Q No. | Rubric | Marks |
|---|---|---|
| 29 | Correct Answer: A | 1 |
| 30 | Correct Answer: A | 1 |
| 31 | Correct Answer: C | 1 |
| 32 | Correct Answer: B | 1 |
| 33 | Correct Answer: D | 1 |
| 34 | Correct Answer: D | 1 |
| 35 | Correct Answer: C | 1 |
| 36 | Correct Answer: A | 1 |
| 37 | Correct Answer: B | 1 |
| 38 | Correct Answer: C | 1 |
| 39 | Correct Answer: A | 1 |
| 40 | Correct Answer: D | 1 |
| 41 | Correct Answer: B | 1 |
| 43 | Correct Answer: D | 1 |
| 44 | Correct Answer: B | 1 |
| 45 | Correct Answer: C | 1 |
| 46 | Correct Answer: D | 1 |
| 47 | Correct Answer: A | 1 |
| 48 | Correct Answer: D | 1 |
| 49 | Correct Answer: D | 1 |
| 50 | Correct Answer: B | 1 |

STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING, HARYANA
AND
EDUCATIONAL INITIATIVES